4. यह नियुक्ति बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005 एवं बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 के अंतर्गत की जा रही है, इसके सभी सुसंगत प्रावधान लागू होंगे।

5. बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005, बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या–3454 दिनांक–28.02.2024 के आलोक में

उपर्युक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति वाहन चालक के रूप में 1 वर्ष के लिए परिवीक्षा पर की जा रही है। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने पर वाहन चालक का आचरण एवं सेवा संतोषजनक नहीं पाए जाने पर परिवीक्षा अवधि और एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकेगी, यदि यह प्रतीत हो कि आचरण एवं सेवा में सुधार की संभावना है। बढ़ायी गई अवधि में भी आचरण एवं सेवा संतोषजनक नहीं पायी जाय तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

6. परीक्ष्यमान अवधि के पश्चात कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं सेवा सम्पुष्टि हेतु निर्धारित अहर्त्ताएं पूर्ण होने के उपरान्त सेवा सम्पुष्ट की जायेगी।

7. बिहार पेंशन (संशोधन) नियमावली, 2005 द्वारा प्रतिपादित वित्त विभाग के संकल्प संख्या–1964 दिनांक–31.08.2005 एवं 768 पे०को० दिनांक 03.07.2007 के अनुसार नवनियुक्त वाहन चालकों पर नई अंशदायी पेंशन योजना (NPS) लागू होगी।

8. भविष्य में इनसे संबंधित सभी प्रमाण–पत्रों के संबंध में गलत सूचना/फर्जी पाये जाने की स्थिति में इनकी सेवा कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी एवं आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई भी की जायेगी।

9. योगदान के समय अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

10. वैसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी राज्य सरकार/भारत सरकार/सरकारी उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें योगदान के समय संबंधित विभाग/संस्थान का विरमन आदेश/ स्वीकृत त्याग पत्र/अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. प्रत्येक अभ्यर्थी को योगदान के समय सिविल सर्जन–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

12. अभ्यर्थियों को योगदान के निमित्त कोई यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

13. यदि इस अधिसूचना में कोई भूल अथवा टंकण आदि की त्रुटि परिलक्षित होती है, तो इसे तद्नुसार संशोधित किया जायेगा।

प्रस्ताव पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
सुरेन्द्र सिंह,
मुख्य वन संरक्षक,
प्रशासन एवं मानव संसाधन विकास।

---

11 जुलाई 2025

सं0 स्था०(सी०)–33/2024–97––बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–37/2023 दिनांक–01.09.2023 के आलोक में वाहन चालक के रिक्त पदों पर सीधी भर्त्ती के निमित्त लिखित एवं दक्षता परीक्षा के आयोजन के उपरान्त दिनांक–06.08.2024 को संयुक्त रूप से 116 अभ्यर्थियों को चयनित घोषित करते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार हेतु कुल–57 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गयी।

2. निम्नलिखित अभ्यर्थियों का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन प्रतिवेदन जाँचोपरान्त संबंधित जिला पदाधिकारी से प्राप्त है, को बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005 एवं बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 के तहत परीक्ष्यमान रूप में वाहन चालक के पद पर Level-2 (19900–63200) के वेतनमान में अधोलिखित कंडिकाओं में निहित शर्त्तों के अधीन पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त किया जाता है :–

क्र. सं.	आवेदन	संयुक्त मेधा क्र०	अभ्यर्थी का नाम /पता	लिंग	चयनकोटि/कोटि	जन्म तिथि	फोटोग्राफ
1	DR003808	26	**श्री निलेश कुमार,** पिता–श्री विश्वनाथ राय, ग्राम+पो०–बस्ती जलाल, थाना–दिघवारा, जिला–सारण, बिहार, पिन–841221	पुरूष	पिछड़ावर्ग (सामान्य)	15.05.1995	

2	DR019366	71	**श्री विशाल कुमार,** पिता–श्री बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह, ग्राम+पो०–बुढ़वल, थाना–काराकाट, जिला–रोहतास, बिहार, पिनकोड–802214	पुरूष	आर्थिक रूप से कमजोरवर्ग (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)	05.01.1996	

3. नियुक्त वाहन चालकों को समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत जीवनयापन भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

4. यह नियुक्ति बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005 एवं बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 के अंतर्गत की जा रही है, इसके सभी सुसंगत प्रावधान लागू होंगे।

5. बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005, बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या–3454 दिनांक–28.02.2024 के आलोक में उपर्युक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति वाहन चालक के रू॰ में 1 वर्ष के लिए परिवीक्षा पर की जा रही है। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने पर वाहन चालक का आचरण एवं सेवा संतोषजनक नहीं पाए जाने पर परिवीक्षा अवधि और एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकेगी, यदि यह प्रतीत हो कि आचरण एवं सेवा में सुधार की संभावना है। बढ़ायी गई अवधि में भी आचरण एवं सेवा संतोषजनक नहीं पायी जाय तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

6. परीक्ष्यमान अवधि के पश्चात कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं सेवा सम्पुष्टि हेतु निर्धारित अहर्त्ताएं पूर्ण होने के उपरान्त सेवा सम्पुष्ट की जायेगी।

7. बिहार पेंशन (संशोधन) नियमावली, 2005 द्वारा प्रतिपादित वित्त विभाग के संकल्प संख्या–1964 दिनांक–31.08.2005 एवं 768 पे०को० दिनांक 03.07.2007 के अनुसार नवनियुक्त वाहन चालकों पर नई अंशदायी पेंशन योजना (NPS) लागू होगी।

8. भविष्य में इनसे संबंधित सभी प्रमाण–पत्रों के संबंध में गलत सूचना/फर्जी पाये जाने की स्थिति में इनकी सेवा कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी एवं आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई भी की जायेगी।

9. योगदान के समय अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

10. वैसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी राज्य सरकार/भारत सरकार/सरकारी उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें योगदान के समय संबंधित विभाग/संस्थान का विरमन आदेश/ स्वीकृत त्याग पत्र/अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. प्रत्येक अभ्यर्थी को योगदान के समय सिविल सर्जन–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

12. अभ्यर्थियों को योगदान के निमित्त कोई यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

13. यदि इस अधिसूचना में कोई भूल अथवा टंकण आदि की त्रुटि परिलक्षित होती है, तो इसे तद्नुसार संशोधित किया जायेगा।

प्रस्ताव पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
सुरेन्द्र सिंह,
मुख्य वन संरक्षक,
प्रशासन एवं मानव संसाधन विकास।

———————

16 जुन 2025

सं0 स्था०(सी०)–33/2024–75––बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–37/2023 दिनांक–01.09.2023 के आलोक में वाहन चालक के रिक्त पदों पर सीधी भर्त्ती के निमित्त लिखित एवं दक्षता परीक्षा के आयोजन के उपरान्त दिनांक–06.08.2024 को संयुक्त रूप से 116 अभ्यर्थियों को चयनित घोषित करते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार हेतु कुल–57 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गयी।

2. निम्नलिखित अभ्यर्थियों का चरित्र एवं पूर्व वृत्त सत्यापन प्रतिवेदन जाँचोपरान्त संबंधित जिला पदाधिकारी से प्राप्त है, को बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005 एवं बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 के तहत परीक्ष्यमान रूप में वाहन चालक के पद पर Level-2 (19900–63200) के वेतनमान में अधोलिखित कंडिकाओं में निहित शर्त्तों के अधीन पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त किया जाता है :–

क्र. सं.	आवेदन	संयुक्त मेधा क्र०	अभ्यर्थी का नाम /पता	लिंग	चयनकोटि/ कोटि	जन्मतिथि	फोटोग्राफ
1	DR015324	38	**श्री मनोहर कुजूर उरॉव,** पिता–श्री बसंत उरॉव, ग्राम+पोस्ट–नाथपुर, वार्डनं0–02, थाना–नरपतगंज, जिला–अररिया, बिहार, पिन–854335	पुरूष	सामान्य वर्ग (अनुसूचित जनजाति वर्ग)	16.02.1990	
2	DR014696	116	**श्री चंदन कुमार,** पिता–हरेन्द्र पंडित, ग्राम–बाकरपुर, पोस्ट–गोविन्दचक, थाना–सोनपुर, जिला–सारण, बिहार, पिनकोड–841101	पुरूष	अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अत्यंत पिछड़ा वर्ग)	15.02.1995	

3. नियुक्त वाहन चालकों को समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत जीवनयापन भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

4. यह नियुक्ति बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005 एवं बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 के अंतर्गत की जा रही है, इसके सभी सुसंगत प्रावधान लागू होंगे।

5. बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2005, बिहार वाहन चालक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या–3454 दिनांक–28.02.2024 के आलोक में उपर्युक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति वाहन चालक के रूप में 1 वर्ष के लिए परिवीक्षा पर की जा रही है। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने पर वाहन चालक का आचरण एवं सेवा संतोषजनक नहीं पाए जाने पर परिवीक्षा अवधि और एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकेगी, यदि यह प्रतीत हो कि आचरण एवं सेवा में सुधार की संभावना है। बढ़ायी गई अवधि में भी आचरण एवं सेवा संतोषजनक नहीं पायी जाय तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

6. परीक्ष्यमान अवधि के पश्चात कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं सेवा सम्पुष्टि हेतु निर्धारित अहर्त्ताएं पूर्ण होने के उपरान्त सेवा सम्पुष्ट की जायेगी।

7. बिहार पेंशन (संशोधन) नियमावली, 2005 द्वारा प्रतिपादित वित्त विभाग के संकल्प संख्या–1964 दिनांक–31.08.2005 एवं 768 पे०को० दिनांक 03.07.2007 के अनुसार नवनियुक्त वाहन चालकों पर नई अंशदायी पेंशन योजना (NPS) लागू होगी।

8. भविष्य में इनसे संबंधित सभी प्रमाण–पत्रों के संबंध में गलत सूचना/फर्जी पाये जाने की स्थिति में इनकी सेवा कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी एवं आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई भी की जायेगी।

9. योगदान के समय अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

10. वैसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी राज्य सरकार/भारत सरकार/सरकारी उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें योगदान के समय संबंधित विभाग/संस्थान का विरमन आदेश/ स्वीकृत त्याग पत्र/अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. प्रत्येक अभ्यर्थी को योगदान के समय सिविल सर्जन–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

12. अभ्यर्थियों को योगदान के निमित्त कोई यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

13. यदि इस अधिसूचना में कोई भूल अथवा टंकण आदि की त्रुटि परिलक्षित होती है, तो इसे तद्नुसार संशोधित किया जायेगा।

प्रस्ताव पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
सुरेन्द्र सिंह,
मुख्य वन संरक्षक,
प्रशासन एवं मानव संसाधन विकास।

निर्वाचन विभाग

अधिसूचना
21 अगस्त 2025

सं0 I/283794/2025––श्री बिरेन्द्र कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, दानापुर (HRMS Employee ID-10783241) का अपनी माता के बाईपास सर्जरी कराने हेतु बिहार सेवा संहिता के नियम–227, 240 एवं 248 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अधीन एवं वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–PCFC/ ELECTION/BELS/ 2014/0073-924(23) दिनांक 30.06.2025 से प्राप्त आदेयता के आलोक में दिनांक 17.03.2025 से 18.04.2025 तक कुल 33 (तैंतीस) दिनों के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उक्त उपार्जित अवकाश की स्वीकृति के पश्चात दिनांक 16.03.2025 तक 300-33=267 दिन शेष रहेगी।

2. इसपर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मिथिलेश कुमार साहु, संयुक्त सचिव।

पत्रांक–3ए–3–भत्ता–02/2025–9286/वि०
वित्त विभाग

प्रेषक,

रचना पाटिल,
सचिव (व्यय)।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार
वीरचंद पटेल पथ, पटना, बिहार।

पटना, दिनांक 26 अगस्त 2025

विषय :– बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में यात्रा भत्ता के संबंध में।

महाशय,

द्वितीय राष्ट्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा एवं रिट पिटिशन (सिविल) सं०– 643/2015 में दिनांक–27.07.2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में वित्त विभागीय संकल्प सं०–9154, दिनांक–28.09.2022 द्वारा बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों का दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से वेतन पुनरीक्षण किया गया है।

2. द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की अनुशंसा के उपरान्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–04.01.2024 को पारित आदेश के आलोक में वित्त विभागीय संकल्प संख्या–2140, दिनांक–28.02.2024 द्वारा बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को विभिन्न भत्तों/सुविधाओं की स्वीकृति दी गयी है। किन्तु यात्रा भत्ता के संबंध में द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन अयोग की अनुशंसा/न्यायिक आदेश नहीं रहने के कारण बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को यात्रा–भत्ता का पुनरीक्षण नहीं किया जा सका है। वर्त्तमान में न्यायिक सेवा के पदाधिकारी को वित्त विभागीय संकल्प संख्या–8383, दिनांक–14.08.2013 द्वारा विहित अपुनरीक्षित दर से यात्रा भत्ता अनुमान्य है, जिसे पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में यात्रा भत्ता की दर पुनरीक्षित/संशोधित किये जाने की आवश्यकता है।

3. राज्य सरकार के सरकारी सेवकों के लिए पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में वित्त विभागीय संकल्प संख्या–8044, दिनांक–11.10.2017 द्वारा यात्रा भत्ता की दर को संशोधित किया गया है। तदनुसार पुनरीक्षित वेतन संरचना के आलोक में बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए यात्रा हेतु दर एवं श्रेणी की अनुमान्यता निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

(क) वायुयान से यात्रा :–

क्र०सं०	वेतनस्तर	श्रेणी
1	J-7	Business Class
2	J-1से J-6	Economy Class

(ख) रेल द्वारा यात्रा :–

क्र०सं०	वेतनस्तर	अनुमान्य श्रेणी (सभी ट्रेन)
1	J-1से J-7	AC 1st Class

(ग) सड़क से यात्रा :–

क्र०सं०	वेतनस्तर	अनुमान्यता
1	J-1से J-7	AC Bus/AC Taxi/AC Car

(घ) वायुयान/रेल से यात्रा के बाद स्थानीय परिवहन के लिए अथवा बाध्यकारी परिस्थिति में सड़क से यात्रा हेतु निर्धारित दर :–

क्र०सं०	वाहन का प्रकार	अनुमान्यता
1	AC Bus/ Bus	वास्तविक किराया
2	AC Taxi / Taxi	₹ 24/km
3	Private Car	₹ 20/km

(ङ) दैनिक भत्ता के प्रयोजनार्थ शहरों का वर्गीकरण एवं श्रेणीवार अनुमान्य दैनिक भत्ता की दर :–

वेतनस्तर	श्रेणी –X	श्रेणी –Y	श्रेणी –Z
J-6एवं J-7	₹ 7500 - होटल	₹ 5000 - होटल	₹ 4000 - होटल
	₹ 1200 - सामान्य	₹ 800 - सामान्य	₹ 600 - सामान्य
J-1से J-5	₹ 4500 - होटल	₹ 3500 - होटल	₹ 2500 - होटल
	₹ 1000 - सामान्य	₹ 750 - सामान्य	₹ 500 - सामान्य

नोटः– *उपर्युक्त होटल दर आवासन एवं भोजन (Boarding and Lodging) पर व्यय की प्रतिपूर्त्ति की अधिसीमा है, बशर्ते कि वास्तविक अभिश्रव का समर्पण किया जाए। यदि सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम के गेस्ट हाउस में रहने का व्यय 'सामान्य दर' से ज्यादा हो, तो वास्तविक अभिश्रव समर्पित करने पर उस राशि की प्रतिपूर्त्ति की जा सकेगी, परन्तु यह किसी भी परिस्थिति में 'होटल दर' से अधिक नहीं होगा।*

विश्वासभाजन,
रचना पाटिल, सचिव (व्यय)।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 23—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bihar.gov.in

भाग-9-ख

निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि ।

सूचना

————————

No. 799––I, Ajay Kumar Shrivastava S/o Vijay Prasad Shrivastava, R/o Saket Vihar, Mitra Mandal colony Anisabad Phulwari Sarif, Patna, Bihar-800002 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No.-2999 dt. 29-07-25 that my name is written in my Aadhar card, Pan card, all educational and all other documents as Ajay Kumar Shrivastava. But from now I will be knwon as Ajay Shekhar for all purposes.

Ajay Kumar Shrivastava.

————————

No. 802––I, Gitanjali Mahato W/o Shiv Kumar Singh R/o Village+P.O-Pareo, P.S.-Bihta, Patna, Bihar-802160 do hereby solemnly affirn and declare as per aff. No. 4372 dt. 22.05.2025 that my name is written in my son Abhinav Kumar Singh's 10^{th} all educational documents as Gitanjali Mahto. As per Aadhar Card my correct name is Gitanjali Mahato. Both names are same and one person. From now I will be known as Gitanjali Mahato for all purposes.

Gitanjali Mahato.

————————

No. 805–– I, Rina Kumari, W/o Sanjay Kumar Singh, R/o Ward No.-14 Mahadevpuri, P.O.-G.P.O., P.S.-Gardanibagh, Patna-800001 Bihar as per aff. No.-4948 dt. 11.04.25 do hereby solemnly affirm and declare that my name is written in my daughter Prachi Singh's 12th final Passing certificate as Reena Sinha which is wrong. My true/correct name is Rina Kumari. From now I will be known as Rina Kumari for all purposes.

Rina Kumari.

————————

No. 806––I, Ankita Kumari W/o Suraj Prasad R/o Vill.+P.O.-Talimapur, ward No.-09, P.S.-Jamo, Distt.-Siwan Bihar-84407 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 205 dt 25.07.2025 that my name is written in my all educational and other documents as Ankita Kumari. In Aadhar card written as Ankita. Both names are same and one person. From now I will be known as Ankita Kumari for all purposes.

Ankita Kumari.

————————

No. 817––I, PRITY MONOWAT, W/o.- PARASH BOHRA, H/o-Santi Devi, Road No-2A Red Carpet High School, Rajendra Naghar Patna Bihar 800016 do hereby solemnly affirm and declare as per affidavt no. 4317 dated 12.06.25. That my name is written in my all educational documents, Aadhar Card, Pan Card and other documents as PRITY MONOWAT. After marriage adopting husband's surname "BOHRA" now I shall be known as PRITY BOHRA for all legal and future pruposes.

PRITY MONOWAT.

सं0 818––मैं अनीता राज, (ANITA RAJ) पति–पंकज मोहन, पता–छाया निकेतन मैनपुरा, बभनटोली, पोस्ट–जी. पी.ओ., थाना–पाटलिपुत्रा, जिला–पटना, बिहार 800001 शपथ पत्र सं0– 843 दिनांक 05.07.2025 के द्वारा यह सूचित करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अनीता राज (ANITA RAJ) अंकित है। यह कि, मैं अपनी मर्जी से अपना नाम अनीता राज (ANITA RAJ) से बदलकर अनिता मोहन (ANITA MOHAN) रखना चाहती हूँ, मैं अब अनीता राज (ANITA RAJ) के जगह पर अनिता मोहन (ANITA MOHAN) के नाम से भविष्य में सभी कार्यों के लिए जानी व पहचानी जाउँगी।

अनीता राज (ANITA RAJ).

————————

No. 819––I Shree Prakash Singh S/o Rameshwar Singh, Residing at Rekha house, New Dakbanglow Road, Near Utsav Hotel Charkothia, Patna-800001 (Bihar) do solemnly affirm and declare vide affidavit No. 847 dated 28.04.25 that my name is mentioned in my Aadhar Card and Pan Card as Shree Prakash Singh and in matriculation certificate as S. P. Singh. That S.P. Singh and Shree Prakash Singh are the names of one and same person. That I shall only be known as Shree Prakash Singh for all purposes.

Shree Prakash Singh.

————————

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय

बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।

बिहार गजट, 23—571+10-डी0टी0पी0।

Website: http://egazette.bihar.gov.in

बिहार गजट
का
पूरक(अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं0 08/आरोप–01–79/2015 (खंड) सा०प्र०—13913
सामान्य प्रशासन विभाग

संकल्प

29 जुलाई 2025

श्री श्याम किशोर प्रसाद, बि०प्र०से०, को०क्र0–142/2011, तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध, ईस्ट–वेस्ट कोरिडोर के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में अनियमितता बरतने से संबंधित आरोपों पर निगरानी थाना कांड सं०–42/08 दिनांक 15.07.2008 दर्ज हुआ, जिसमें श्री प्रसाद नामजद अभियुक्त बनाये गये। उक्त थाना कांड में श्री प्रसाद दिनांक 15.07.2008 को गिरफ्तार होकर न्यायिक हिरासत में भेजे गये। इस संबंध में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से प्राप्त सूचना के आलोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–8984 दिनांक 14.08.2008 द्वारा इन्हें निलंबित किया गया। न्यायिक हिरासत से बाहर आने के उपरांत श्री प्रसाद दिनांक 28.11.2008 को विभाग में योगदान किये। मामले की संवेदनशीलता के आलोक में विचारोपरांत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–4508 दिनांक19.05.2009 द्वारा इन्हें पुनः निलंबित किया गया। कालांतर में विभागीय संकल्प ज्ञापांक 1352, दिनांक 10.02.2010 द्वारा श्री प्रसाद को निलंबन मुक्त किया गया।

2. उक्त प्रतिवेदित आरोपों के लिए श्री प्रसाद के विरूद्ध विभागीय संकल्प ज्ञापांक 4668 दिनांक 25.05.2009 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांग की गई। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक 1837 दिनांक 20.09.2016 द्वारा प्राप्त परामर्श के उपरांत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–14105 दिनांक 17.10. 2016 द्वारा श्री प्रसाद को **''पेंशन से 50 प्रतिशत''** राशि की स्थायी कटौती का दंड संसूचित किया गया। पुनः संकल्प ज्ञापांक 6945 दिनांक 08.06.2017 द्वारा यह निर्णय संसूचित किया गया कि निलंबन अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ देय नहीं होगा, परन्तु पेंशन प्रयोजन के लिए निलंबन की अवधि सेवा की अवधि मानी जायेगी।

3. पेंशन कटौती संबंधी दंडादेश के विरूद्ध श्री प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी०डब्ल्यू० जे०सी० संख्या–2457/2017 दायर किया गया, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 20.11.2018 को न्यायादेश पारित करते हुए विभागीय दंडादेश एवं जांच प्रतिवेदन दोनों को निरस्त कर दिया गया एवं मामला जांच पदाधिकारी को Remand back करते हुए आरोप पत्र जारी होने के चरण के बाद आगे की कार्रवाई के लिए निदेशित किया गया। सी०डब्ल्यू० जे०सी० संख्या–2457/2017 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 20.11.2018 को पारित न्यायादेश का कार्यकारी अंश निम्नवत हैः–

".....9. In such view of the matter, the punishment vide memo no. 14105 dated 17.10.2016, thereby the Government has communicated the petitioner regarding reduction of 50% pension as well as communication/letter given by the Accountant General Office dated 08.12.2016 and the inquiry report dated 27.09.2015 are quashed. The matter is remanded back to the Commissioner, Departmental Inquiry, Government of Bihar, Patna, to proceed further after the stage of issuance of charge-sheet in accordance with law. The question of payment of salary as having been claimed in the writ petition will be subject to result of the inquiry proceeding. As this Court is remanding back the matter, in terms of Government Resolution 90% provisional

pension will be paid to the petitioner and arrears will be subject to the result of inquiry proceeding.

10. Accordingly, this writ petition is allowed to aforesaid extent."

4. उक्त पारित न्यायादेश के अनुपालन में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–3792 दिनांक 19.03.2019 द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध संसूचित दंडादेश एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन (दिनांक 27.09.2015) को निरस्त करते हुए श्री प्रसाद को 90 प्रतिशत औपबंधिक पेंशन भुगतान का आदेश दिया गया। साथ ही न्यायादेश के आलोक में आरोप पत्र के चरण (Stage) से बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–18 (1) के तहत अग्रत्तर जाँच कराने का निर्णय लिया गया।

5. संचालन पदाधिकारी–सह–सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2863 दिनांक 03.10.2024 द्वारा जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसमें श्री प्रसाद के विरूद्ध आरोप–पत्र में लगाये गये आरोपों को प्रमाणित पाया गया है। संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन पर विभागीय पत्रांक–16695 दिनांक 16.10.2024 द्वारा श्री प्रसाद से लिखित अभिकथन/अभ्यावेदन की माँग की गयी। उक्त क्रम में श्री प्रसाद द्वारा स्मारोपरांत अपना लिखित अभ्यावेदन उपलब्ध कराया गया। श्री प्रसाद द्वारा समर्पित अपने लिखित अभ्यावेदन में मुख्य रूप से कहा गया है कि विभागीय कार्यवाही के संचालन के क्रम में संचालन पदाधिकारी द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के उप नियम (23) (1)(ग) एवं (घ) के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। आरोपित पदाधिकारी के पक्ष को बिना कारण दर्शाये अमान्य कर दिया गया है। विभागीय कार्यवाही संचालन के क्रम में मांगे गये अभिलेख उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया।

उनके द्वारा यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण NHAI Act, 1956 के तहत मधुबनी जिला अंतर्गत क्षेत्र में किया जाना था। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के पद पर उनके द्वारा दिनांक–07.12.2006 को प्रभार ग्रहण किया गया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत अधिग्रहित भूमि के मुआवजा का भुगतान संबंधित भूधारकों को किया जाना था, क्योंकि पूर्व में अधिग्रहण से संबंधित कार्यवाही हो चुकी थी। NHAI Act की धारा 3D के आलोक में भूधारकों को प्रचलित बाजार मूल्य पर मुआवजा का भुगतान करने का प्रावधान है। उक्त निर्माण कार्य हेतु भूमि अर्जन के परिधी में मधुबनी जिला अंतर्गत कुल 42 राजस्व ग्राम आते थे, तथा इन ग्रामों का सर्वे खतियान पुराना सर्वे अर्थात Cadestral survey के प्रविष्टि पर आधारित था जो भू–अर्जन के समय भू–स्वामित्व एवं भूमि की प्रकृति में काफी परिवर्तन हो चुका था। NHAI Act के तहत मुआवजा का भुगतान प्रचलित बाजार मूल्य के आधार पर किए जाने का प्रावधान है। परंतु 3D के प्रकाशन में पुराना सर्वे खतियान के आधार पर इसका प्रकाशन होने के कारण वर्तमान समय में लगभग डेढ़ सौ साल पूर्व के जमीन की प्रकृति दर्ज किया जाना सही नहीं था। तदालोक में प्राप्त प्रतिवेदन पर उनके द्वारा जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा निर्धारित बाजार मूल्य निबंधन कार्यालय से मंगवाकर उसी दर पर अधिग्रहित भूमि का मूल्य निर्धारित कर दर का भुगतान किये जाने की बात कही गयी है। मकान अथवा अधिग्रहित भूमि पर अवस्थित अन्य संरचना हेतु मुआवजा का भुगतान भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के टीम के द्वारा जाँचोंपरांत दाखिल प्रतिवेदन के आधार पर किया गया।

श्री प्रसाद द्वारा यह भी कहा गया है कि विभागीय कार्यवाही संचालन के क्रम में आरोपी द्वारा समर्पित अभिकथन पर संचालन पदाधिकारी द्वारा अनुशासनिक प्राधिकार से मन्तव्य की माँग किया जाना विधिसम्मत नहीं है।

6. श्री प्रसाद के विरूद्ध गठित आरोप, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं श्री प्रसाद द्वारा समर्पित लिखित अभिकथन/अभ्यावेदन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरांत पाया गया कि संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के कंडिका–07 में साक्षियों का परीक्षण/प्रतिपरीक्षण किये जाने का उल्लेख है, जिसमें कतिपय साक्षियों का परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण किया गया है। साथ ही, जाँच प्रतिवेदन में जाँच आयुक्त द्वारा अंकित विश्लेषण एवं जाँच परिणाम तथा निष्कर्ष से भी स्पष्ट है कि बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 17 के उप नियम (23) (1) (ग) एवं (घ) में उपबंधित प्रावधानों का अनुपालन करते हुए जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। अतएव श्री प्रसाद द्वारा लिखित अभिकथन में कही गयी उक्त बिंदु/बात सत्य से परे है।

श्री प्रसाद का यह कहना कि आरोपी के अभिकथन पर विभागीय/अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा मन्तव्य उपलब्ध कराने की स्थिति में प्राप्त मन्तव्य से संचालन पदाधिकारी के प्रभावित होने की आशंका/संभावना होती है जिससे विभागीय कार्यवाही प्रभावित/दूषित हो सकती है। विषयांकित मामले में आरोपी पदाधिकारी के अभिकथन पर संचालन पदाधिकारी द्वारा अनुशासनिक प्राधिकार/विभाग से कोई भी मंतव्य की माँग नहीं की गयी है न ही विभाग/अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा मंतव्य इस मामले में दिया गया है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि श्री प्रसाद द्वारा अपने लिखित अभिकथन में कही गयी बातों के पक्ष में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। साथ ही, उनके द्वारा कही गयी सभी मुख्य बातें संचालन पदाधिकारी के समक्ष अपने बचाव बयान में भी कहा गया था, जिसके सम्यक जाँच, विश्लेषण एवं समीक्षा के उपरांत ही संचालन पदाधिकारी द्वारा अपने जाँच प्रतिवेदन के निष्कर्ष में श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपों को प्रमाणित पाया गया है।

7. संचालन पदाधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन में अंकित विश्लेषण, जाँच परिणाम तथा निष्कर्ष निम्नवत् है :–

आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध गठित आरोप पत्र, आरोपित पदाधिकारी द्वारा समर्पित लिखित बचाव अभिकथन समर्पित, अभिलेखीय साक्ष्य, उपस्थित साक्षियों के परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण तथा सुनवाई के क्रम में उभय पक्षों द्वारा प्रस्तुत तर्क के आलोक में निम्नलिखि तथ्य परिलक्षित होते हैं :–

(i) जिला पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक–2580 दिनांक–19.12.2020 द्वारा मुख्य जाँच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग को आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध प्रपत्र ''क'' में गठित आरोप पत्र में लगाये गये आरोपों के संबंध में प्रतिवेदित किया गया है। उक्त प्रतिवेदन में आरोपित पदाधिकारी पर लगाये गये आरोपों के संबंध में उदाहरण के साथ स्थिति स्पष्ट की गई है। जैसे– भूधारी आनन्द मोहन झा, पिता बाबूनंदन झा, साकिन खोपा से संबंधित L.A. No–58, खेसरा नं. 127 A, में अवस्थित मकान का मूल्यांकन प्रतिवेदन 10,77,187.00 अभियंता द्वारा दिया गया था। परन्तु भूधारी को आरोपित पदाधिकारी द्वारा 17,61,050.00 का भुगतान किया गया। संलेख में संलग्न मूल्यांकन प्रतिवेदन में बाद में कनीय अभियंता द्वारा कटिंग कर 15,15,937.00 किया गया है। इस प्रकार 4,38,750.00 का अधिक भुगतान इस षडयंत्र से जुड़े सभी लोक सेवकों जिसमें आरोपित पदाधिकारी की भी भूमिका सम्मिलित है, की मिलीभगत से भूधारी को मुआवजा भुगतान किया गया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन में इस प्रकार के कुल 31 लाभार्थियों के संबंध में अनियमितता पाया गया है।

(ii) जिला पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक–2580/गो०, दिनांक–19.12.2020 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा सरकारी राशि की क्षति अपने व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ति के उद्देश्य से किया गया है।

(iii) The National Highway Act 1956 की धारा 3D का अंश निम्नवत् हैः-

3D. Declaration of acquisition.(1) Where no objection under sub-section (1) of section 3C has been made to the competent authority within the period specified therein or where the competent authority has disallowed the objection under sub-section(2) of that section, the competent authority shall, as soon as may be submit a report accordingly to the Central Government and on receipt of such report, the Central Government shall declare, by notification in the Official Gazette, that the land should be acquired for the purpose of purposes mentioned in sub-section (1) of section 3A.

(2) On the publication of the declaration under sub-section (1), the land shall vest absolutely in the Central Government free from all encumbrances.

NH Act 1956 के अंतर्गत जमीन के अधीग्रहण के उपरांत इसी अधिनियम की धारा 3A के अंतर्गत अधिग्रहित जमीन के क्रम में गजट का प्रकाशन दिनांक–13.07.2005 को किया गया है। इस क्रम में जिन–जिन व्यक्तियों का जमीन अधिग्रहित किया गया था, उन्हें सक्षम प्राधिकार (भू–अर्जन पदाधिकारी) के समक्ष अपनी बातों को रखने हेतु कहा गया था। NH Act 1956 की धारा 3C के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को अपनी बात रखने के लिए 21 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज कराने का प्रावधान है एवं आपत्ति प्राप्ति के उपरांत NH Act 1956 की धारा 3D के अनुसार आपत्तियों का अनुज्ञात करने के उपरांत पुनः दिनांक 13.05.2006 को अंतिम अधिसूचना निर्गत किया गया है।

3D के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित होने के उपरांत किसी भी तरह की आपत्ति प्राप्त करने का प्रावधान उक्त अधिनियम में नहीं है। फिर भी इसके उपरांत आरोपित पदाधिकारी द्वारा गजट में उल्लिखित जमीन के स्वरूप में भूपतियों से आवेदन लेकर एवं उसका जांच करवाकर भूमि के स्वरूप में परिवर्तन किया गया है। उदाहरण स्वरूप कनकपुर मौजा के खेसरा नं० 2524, रकवा 3 डिसमिल को नोटिस में भीठ बताते हुए 4912.00 भुगतान करना था। बाद में इसे आवासीय लायक बता कर 42319.00 भुगतान किया गया। उल्लेखनीय है कि 3D के प्रकाशन के उपरांत इसे गैर कृषि माना गया। इसी खेसरा के L.A. No– 307, जो मीर हसनेन का है इसे भीत मानते हुए 4912.00 का भुगतान करना था, बाद में इसे आवासीय दिखा कर 42319.00 भुगतान किया गया।

उक्त उदाहरण से स्पष्ट होता है कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा जान बूझकर यह कार्य किया गया है जिससे भूपतियों को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा सका। यह कृत अरोपित पदाधिकारी के भ्रष्ट मंशा को भली–भाँति स्थापित करता है साथ यह कृत नियम के विरूद्ध है।

(iv) माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में अंकित किया गया है कि ".....In the present case, the situation is the same. No one has come forward to support the prosecution case nor have proved the report submitted by the vigilance as certain persons were required to come forward and prove the charges, who could be put to cross examination. "

उल्लेखनीय है कि प्रस्तुत विभागीय कार्यवाही आरोपित पदाधिकारी द्वारा NH Act 1956 द्वारा प्रदत्त शक्तियों से बाहर जाकर बिना किसी Authority के अपने निजी फायदे के लिए भूधारियों को लाभ पहुंचाने के दोषी पाये जाने के कारण संचालित की गयी है। उनके द्वारा की गयी अनियमिततायें से संबंधित कुल 31 साक्ष्य यथा एक ही स्थान पर

आवासीय, सिंचित एवं असिंचित भूमि के आधार पर मुआवजा का वितरण, 3D के प्रकाशन के उपरांत भूधारी से आवेदन लेकर भूमि का प्रकार को बदलना, पहले भूमि को भीठ मानना तथा बाद में इसको कृषि योग्य मानकर भुगतान करना इत्यादि अभिलेख में उपलब्ध है।

8. उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री प्रसाद का लिखित अभिकथन अस्वीकृत करते हुए संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी0) के प्रावधानों के तहत **''श्री प्रसाद के पेंशन से 50% (पचास प्रतिशत) राशि की कटौती स्थायी रूप से करने''** का दंड अधिरोपित करने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया।

9. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा उक्त विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक–11742 दिनांक 27.06.2025 द्वारा परामर्श की माँग की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–1810 दिनांक 22.07.2025 द्वारा अवगत कराया गया कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–सह–पठित ज्ञापांक–9794 दिनांक 22.07.2019 की कंडिका–07 में यह प्रावधान है कि **''वैसे अनुशासन संबंधी पेंशन से कटौती अथवा वृहत दंड के मामलों में, जिनमें आयोग द्वारा परामर्श/सहमति दी गयी हो, और बाद में पेंशन से कटौती अथवा वृहत दंड के आदेश को निरस्त करने, कम करने अथवा रूपभेदित किये जाने की स्थिति में पुनः आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं होगा''**।

10. अतएव अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिए गये उक्त निर्णय के आलोक में श्री श्याम किशोर प्रसाद, बि०प्र०से०, को०क्र0–142/2011, तत्कालीन तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी सम्प्रति सेवानिवृत द्वारा समर्पित लिखित अभिकथन को अस्वीकृत करते हुए संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए बिहार पेंशन नियमावली–1950 के नियम–43 (बी0) के संगत प्रावधानों के तहत **''श्री प्रसाद के पेंशन से 50% (पचास प्रतिशत) राशि की कटौती स्थायी रूप से करने''** का दंड अधिरोपित/संसूचित किया जाता है।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अंजुला प्रसाद, अपर सचिव।

————————

सं0 08/आरोप–01–01/2022 सा०प्र०––14878

————————

11 अगस्त 2025

श्री विजय कुमार, बि०प्र०से०, कोटि क्रमांक–938/2019, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बरबीघा, शेखपुरा को विशेष निगरानी इकाई, निगरानी विभाग, बिहार, पटना के धावा दल द्वारा दिनांक 18.01.2022 को परिवादी, श्री शम्भु कुमार से 48,000/– (अड़तालीस हजार) रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किये जाने तथा उनके विरूद्ध विशेष निगरानी इकाई, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा–7 अन्तर्गत निगरानी थाना कांड सं०–01/2022 दिनांक 17.01.2022 दर्ज होने की सूचना नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–203 दिनांक 24.01.2022 द्वारा उपलब्ध कराते हुए विधि सम्मत अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी। तदालोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2573 दिनांक 23.02.2022 द्वारा श्री कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की तिथि दिनांक 19.01.2022 के प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निलंबित किया गया। उक्त थाना कांड में विधि विभाग, बिहार, पटना के आदेश सं०–एस०पी० (नि०)–08/2022–113/जे० दिनांक 20.04.2022 द्वारा अभियोजन स्वीकृत है तथा माननीय निगरानी न्यायालय, पटना में श्री कुमार के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल है।

2. अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष निगरानी इकाई, निगरानी विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय स्तर पर पुनर्गठित एवं अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुमोदित आरोप पत्र की प्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक 5603 दिनांक 11.04.2022 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपों की विस्तृत जाँच हेतु विभागीय संकल्प ज्ञापांक–23228 दिनांक 23.12.2022 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित किया गया।

3. सचिव–सह–जाँच आयुक्त, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4027 दिनांक 29.11.2024 द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप को प्रमाणित पाया गया।

उक्त विभागीय कार्यवाही में जाँच आयुक्त का विश्लेषण एवं जाँच परिणाम निम्नवत् है :–

(i) प्रस्तुत विभागीय कार्यवाही में प्रपत्र 'क' में आरोपित पदाधिकारी पर आरोप गठित किया गया है कि इनके द्वारा 3,00,000/– (तीन लाख) रूपये के बिल भुगतान के बदले में 48,000/–(अड़तालीस हजार) रूपये रिश्वत की मांग की गयी तथा विशेष निगरानी इकाई, निगरानी विभाग, बिहार, पटना के गठित धावा दल द्वारा श्री शम्भु कुमार से 48,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

(ii) कार्यवाही में प्रस्तुत गवाहों द्वारा इस बात की पुष्टि की गयी है कि श्री कुमार के बैग से रू 48,000/– की बरामदगी की गयी है तथा उनके हाथ को धुलवाने पर दांये हाथ के पानी का रंग लाल हो गया, बैग का भी सैम्पल लिया गया जिसका भी रंग लाल हो गया।

(iii) स्वतंत्र गवाह द्वारा गवाही में उल्लेख किया गया है कि शिकायतकर्ता के द्वारा दिया गया रिश्वत के रूप में जो राशि आरोपित पदाधिकारी को देना था उस रूपये पर केमिकल लगाया गया। राशि का Serial Number नोट किया गया। उसके बाद उस राशि को लिफाफा में बंद कर शिकायतकर्ता को दे दिया गया। शिकायतकर्ता के इशारा करने पर तलाशी के दौरान आरोपित पदाधिकारी के टेबुल पर रखे बैग से वही नोट बरामद किया गया जो पूर्व में केमिकल मिला कर दिया गया था और उसका Serial Number का मिलान करने पर सही पाया गया।

(iv) आरोपित पदाधिकारी के प्रतिपरीक्षण में श्री अमितेश राय, नि०व०लि० द्वारा कार्रवाई की तिथि 18.01.2022 को 11.05 बजे पूर्वाह्न बताने पर आरोपित पदाधिकारी द्वारा दिये गये Suggestion में कहा गया कि आरोपित कार्यपालक पदाधिकारी का ट्रैप दिनांक 18.01.2022 को 11.45 बजे पूर्वाह्न कार्यालय आने के बाद हुआ था, जबकि तलाशी–सह–जप्ती सूची के अनुसार कार्रवाई 11.05 बजे पूर्वाह्न होना इंगित करता है कि बिना प्री–ट्रैप की कार्रवाई हुए ही साजिश के तहत आरोपी कार्यपालक पदाधिकारी को ट्रैप करवाया गया।

आरोपित पदाधिकारी का Suggestion अमान्य है, क्योंकि Recovery memorandum तलाशी होने के उपरांत तैयार किया जाता है। इस कारण से तलाशी–सह–जप्ती सूची में अंकित समय तथा Recovery memorandum के समय में 40 मिनट का अंतर स्वाभाविक है।

(v) श्री कुमार द्वारा गिरफ्तारी मेमो एवं तलाशी–सह–जप्ती सूची का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उक्त सूची में बैग बरामदगी का उल्लेख नहीं किया गया है। श्री कुमार का यह कथन सत्य नहीं है, क्योंकि विशेष निगरानी इकाई द्वारा समर्पित किये गये आरोप–पत्र के साथ संलग्न प्रदर्शों की विवरणी में कार्यालय बैग का उल्लेख है।

(vi) श्री कुमार द्वारा बचाव–बयान एवं बहस के दौरान बार–बार यह कहा गया है कि उनके द्वारा लंबित बिल को दिनांक 17.11.2022 को ही शेखपुरा कोषागार कार्यालय को अग्रसारित कर दिया गया था। इस संबंध में श्री चन्द्रभूषण, पुलिस उपाधीक्षक द्वारा गवाही के दौरान स्पष्ट किया गया है कि– "अनुसंधान के दौरान यह स्पष्ट हो चुका है कि यह बिल श्री कुमार के कारण रूका हुआ था और यह भी स्पष्ट है कि परिवादी के द्वारा यदि कमीशन की राशि रिश्वत के रूप में नहीं दी जाती तो अगला कोई एग्रीमेन्ट एवं बकाया भुगतान नहीं होता, इसलिए बिल के भुगतान के पश्चात् भी यह अपराधिकृत बनता है।"

(vii) श्री कुमार द्वारा विशेष निगरानी इकाई, पटना के क्रियाकलापों पर संदेह व्यक्त किया गया है। श्री कुमार द्वारा अपने बचाव बयान में भी इस बात का जिक्र किया गया है। इनके आरोपों की जांच बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 (2) के प्रावधानों के तहत किया जा रहा है। यह एक प्रक्रियात्मक मुद्दा (Procedural Issue) है। अतः श्री कुमार द्वारा विशेष निगरानी इकाई, पटना के क्रियाकलापों पर उठाए गये प्रश्न के लिए यह उचित Forum नहीं है।

(viii) श्री कुमार द्वारा बरबीघा बोर्ड भंग होने के उपरांत भी तत्कालीन पूर्व मुख्य पार्षद श्री रोशन कुमार द्वारा पूर्ववत अपने शक्तियों का प्रयोग करने तथा उनके नेम प्लेट को श्री कुमार द्वारा हटा देने के कारण श्री रोशन कुमार द्वारा आरोपित पदाधिकारी को फंसाने की धमकी दिये जाने का उल्लेख बचाव बयान में किया गया है। परन्तु इससे संबंधित कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(ix) जहाँ तक प्रस्तुत विभागीय कार्यवाही का प्रश्न है तो गवाहों का बयान, उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों से स्पष्ट है कि श्री कुमार को 48,000/– रूपये मात्र लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

उक्त विभागीय कार्यवाही के जाँच प्रतिवेदन के अन्तिम निष्कर्ष में आरोप प्रमाणित पाया गया है।

4. संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक–19421 दिनांक 04.11.2024 द्वारा श्री कुमार से लिखित अभिकथन की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री कुमार द्वारा लिखित अभिकथन/अभ्यावेदन (दिनांक 26.12.2024) समर्पित किया गया।

5. श्री कुमार के विरुद्ध गठित आरोप, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन तथा आरोपित पदाधिकारी से प्राप्त लिखित अभिकथन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी एवं समीक्षोपरांत पाया गया कि :–

(i) संचालन पदाधिकारी द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही में उपस्थित सभी गवाहों द्वारा इस बात की पुष्टि की गयी है कि श्री कुमार के बैग से 48,000/–(अड़तालीस हजार रूपये) की बरामदगी की गयी है तथा उनके हाथ धुलवाने पर दायें हाथ का पानी का रंग लाल हो गया, बैग का सैम्पल भी लिया गया, जिसका भी रंग लाल हो गया। इसके अलावा विभागीय कार्यवाही के दौरान श्री कुमार द्वारा अपने बचाव बयान में जिन–जिन बिन्दुओं को उठाया गया/Suggestion दिया गया उनका भी बिन्दुवार खंडन जांच प्रतिवेदन में किया गया।

(ii) श्री कुमार द्वारा उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही के जांच प्रतिवेदन पर समर्पित लिखित अभिकथन/अभ्यावेदन में भी लगभग उन्हीं बिन्दुओं का उल्लेख किया गया, जिसका उल्लेख उनके द्वारा विभागीय कार्यवाही

के दौरान जाँच आयुक्त के समक्ष समर्पित लिखित बचाव–बयान में किया गया, जिसके समीक्षोपरांत ही संचालन पदाधिकारी ने श्री विजय कुमार के विरुद्ध प्रतिवेदित आरोप को प्रमाणित पाया।

(iii) विशेष निगरानी इकाई, निगरानी विभाग, बिहार, पटना के गठित धावा दल द्वारा श्री कुमार को रू. 48,000/–(अड़तालीस हजार रूपये) रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किये जाने संबंधी आरोप को संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित पाया गया।

6. उपरोक्त के आलोक में श्री विजय कुमार (बि०प्र०से०), कोटि क्रमांक–938/19, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बरबीघा, शेखपुरा (सम्प्रति निलंबित) को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–14 (xi) के तहत् (''सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी'' एवं निलंबन अवधि में जीवन–निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगी) का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया।

7. उक्त विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक–2230 दिनांक 06.02.2025 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की माँग की गयी, जिस पर आयोग के पत्रांक–5022 दिनांक 19.03.2025 द्वारा सहमति संसूचित की गयी।

8. श्री कुमार के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक 25.04.2025 को सम्पन्न बैठक में मद सं०–06 पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

9. तदुपरांत श्री विजय कुमार, (बि०प्र०से०), कोटि क्रमांक–938/2019, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बरबीघा, शेखपुरा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–14 (xi) के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7903 दिनांक 05.05.2025 द्वारा निम्न शास्ति अधिरोपित किया गया :–

(i) सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी।

(ii) निलंबन अवधि में जीवन–निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा।

श्री कुमार द्वारा उक्त दंडादेश के विरूद्ध पुनर्विलोकन अर्जी समर्पित किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से इनका कहना है कि :–

(i) इनकी नियुक्ति अपर सचिव के स्तर से की गयी है जबकि इनके विरुद्ध आरोप–पत्र का गठन एवं बर्खास्तगी आदेश अवर सचिव के स्तर से निर्गत किया गया है, जो अवैध है।

(ii) इनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 311 (1) का उल्लंघन, श्री शम्भु कुमार द्वारा दाखिल परिवाद पूरी तरह अवैध एवं असंवैधानिक होने और उसके आधार पर आरोप–पत्र का गठित किया जाना एवं संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जांच पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए अपने ऊपर लगाये आरोप को पूरी तरह बेबुनियाद, तथ्यहीन, आधारहीन एवं मनगढंत आदि बताया है तथा समर्पित पुनर्विलोकन अर्जी को स्वीकार करने एवं बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करते हुए पुनः सेवा में लेने का अनुरोध किया गया है।

10. उल्लेखनीय है कि श्री विजय कुमार, बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी हैं, जिनका नियुक्ति प्राधिकार माननीय मुख्य (सामान्य प्रशासन) मंत्री होते हैं। अनुशासनिक प्राधिकार अर्थात् माननीय मुख्य (सामान्य प्रशासन) मंत्री के अनुमोदनोपरांत ही इनके विरुद्ध आरोप–पत्र का गठन एवं बर्खास्तगी संबंधी आदेश निर्गत किया गया है। इस प्रकार श्री विजय कुमार द्वारा कही गयी बात निराधार है।

श्री कुमार द्वारा पुनर्विलोकन अर्जी में मुख्य रूप से उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है जो कि इनके द्वारा पूर्व में समर्पित लिखित अभिकथन/अभ्यावेदन में किया गया है, जिसकी समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर पर किये जाने के उपरांत ही संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री कुमार के विरुद्ध ''सेवा से बर्खास्तगी'' का दंड विनिश्चित किया गया है। उक्त विनिश्चित दंड पर बिहार लोक सेवा आयोग, पटना एवं राज्य मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के उपरांत ही श्री विजय कुमार को उक्त दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया गया है।

11. तदुपरांत सम्यक विचारोपरांत श्री विजय कुमार (बि०प्र०से०), कोटि क्रमांक–938/19, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बरबीघा, शेखपुरा (सम्प्रति सेवा से बर्खास्त) द्वारा दिनांक 19.06.2025 को समर्पित पुनर्विलोकन अर्जी को अस्वीकृत करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7903 दिनांक 05.05.2025 द्वारा अधिरोपित दंड यथा :– ''(i) सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी। (ii) निलंबन अवधि में जीवन–निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा'' को पूर्ववत् बरकरार रखने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया।

12. राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक 05.08.2025 को सम्पन्न बैठक में मद सं०–14 पर श्री कुमार से प्राप्त पुनर्विलोकन अर्जी को अस्वीकृत करते हुए ''सेवा से बर्खास्तगी''

संबंधी अधिरोपित दंड को पूर्ववत् बरकरार रखने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

13. अतएव उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री विजय कुमार (बि०प्र०से०), कोटि क्रमांक–938/19, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बरबीघा, शेखपुरा (सम्प्रति सेवा से बर्खास्त) द्वारा दिनांक 19.06.2025 को समर्पित पुनर्विलोकन अर्जी को अस्वीकृत करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7903 दिनांक 05.05.2025 द्वारा अधिरोपित दंड यथाः–

"(i) सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी। (ii) निलंबन अवधि में जीवन–निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा" को पूर्ववत् बरकरार रखा जाता है।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
उमेश प्रसाद, अवर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 23—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bihar.gov.in